Regarding railway network in Pratapgarh

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) **:** महोदया, चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में रेलवे, हाईवे और अन्य क्षेत्रों में केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में बहुत कुछ दिया है । मेरे संसदीय क्षेत्र में प्रतापगढ़ एक ऐसा जिला है, जो शेड्यूल-5th में ट्राइबल जिला है । यह रेलवे की दृष्टि से आज भी बचा हुआ है। वहां चाहे नई रेल लाइन हो, ब्रॉडगेज हो, इलेक्ट्रिफिकेशन हो या डबलिंग हो, सारे काम चल रहे हैं लेकिन प्रताप गढ़ और बेगू क्षेत्र ऐसे हैं, जहां रेलवे की सेवाएं नहीं हैं । मनसौर से प्रतापगढ़ होते हुए गुजरात एक नई रेल लाइन के लिए फाइनल सर्वे केंद्र सरकार ने स्वीकृत कर दिया है । ऐसे ही नीमच से बेगू होते हुए कोटा एक नया फाइनल सर्वे सैंक्शन किया है ।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि पीएम गति शक्ति या अन्य योजना के माध्यम से वहां भी रेल लाइन पहुंचे, ताकि वहां के लोगों को फायदा मिल सके ।